फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट थाना -कादरीगेट

दिनांक - 26.04.2026

थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को चोरी की 02 मोटरसाईकिल व 02 स्कूटी तथा 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तो को चोरी की दो मोटरसाईकिल व दो स्कूटी व 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कादरीगेट पर मु0अ0सं0 90/26 धारा 317(2)/317(5)/336(2)/318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

1. अनमोल अग्निहोत्री पुत्र अरूण कुमार निवासी ग्राम चांदपुर थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ।
2. कृष्णा सोनी पुत्र संजय कुमार निवासी गांधी नगर तिर्वागंज थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

घटना का विवरण:- दिनांक 25.04.2026 को थाना कादरीगेट पुलिस होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन तथा रात्रि गश्त कर रही थी, उसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दो व्यक्ति जो मोटरसाईकिल/स्कूटी से आ रहे थे, को रोका गया जिनमें से एक ने अपना नाम अनमोल अग्निहोत्री तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम कृष्णा सोनी उपरोक्त बताया। दोनों व्यक्तियों के कब्जे से एक स्कूटी व एक मोटरसाइकिल तथा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। थाना कादरीगेट पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के क्रम में दोनों अभियुक्तगणों की निशानदेही पर एक मोटरसाईकिल और एक स्कूटी भी बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कादरीगेट पर मु0अ0सं0 90/26 धारा 317(2)/317(5)/336(2)/318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि साहब हम दोनों ने स्कूटी व मोटरसाईकिल भीड़भाड़ वाले इलाकों से चुराई थी। जिन्हें हम लोग छिपाकर रख रहे थे, ताकि इन्हे महंगे दामों पर बेच सके और अपने शौक व मौज कर सके लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि साहब हम लोग अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा रखते हैं। शेष सफाई जरिए अधिवक्ता मा0 न्यायालय के समक्ष देना बताया।

बरामदगी का विवरण:-

01.दो मोटरसाईकिल
02.दो स्कूटी
03.एक अवैध तमंचा
04. दो जिन्दा कारतूस

अभियुक्त अनमोल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

01. मु0अ0सं0 90/26 धारा 317(2)/317(5)/336(2)/318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ।

अभियुक्त कृष्णा सोनी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

01. मु0अ0सं0 90/26 धारा 317(2)/317(5)/336(2)/318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ।

गिरफ्तार करने वाली थाना कादरीगेट पुलिस टीम:-

01. उ0नि0 श्री विशेष कुमार
02. उ0नि0 श्री मोहित मिश्रा
03. हे0का0 योगेश कुमार 04. का0 अजीत सोलंकी 05. का0 शशिकान्त पाण्डेय 06. का0 अभिषेक चाहर

मीडिया सेल फतेहगढ़।